गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर - 263 145, जनपद - ऊधम सिंह नगर

डा. जितेन्द्र क्वात्रा
निदेशक प्रसार शिक्षा

पत्रांक : प्रसार/कि.मे./5090
दिनांक : 13-01-2024

प्रिय किसान भाइयों,

'कृषि कुम्भ' नाम से विख्यात **115वाँ अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी** का आयोजन **पंतनगर में मार्च** 09-12, 2024 तक किया जा रहा है। इस किसान मेले में रबी की प्रमुख फसलों- गेहूँ, चना, मटर, जौ, मसूर, तोरिया, सरसों एवं सब्जियों आदि के वैज्ञानिक पद्धति से लगाये गये परीक्षण/प्रदर्शन दिखाये जायेंगे तथा खरीफ की प्रमुख फसलों- धान, मक्का, अरहर, मूँग, उड़द, सोयाबीन एवं सब्जियों की अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के प्रमाणित व आधारीय बीज बिक्री हेतु उपलब्ध होगें। साथ ही फल, सब्जी, वानिकी, सगन्धीय एवं फूलों की पौध विक्रय हेतु उपलब्ध होगें। मेले में निम्न बहुआयामी कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं:

- उद्घाटन समारोहः- गाँधी हॉल (पूर्वाह्न 11.00 बजे) — 09 मार्च
- फल-फूल, शाक-भाजी एवं परिरक्षित पदार्थो की प्रदर्शनी व प्रतियोगिताः- मेला प्रांगण — 09-10 मार्च
- संकर बछियों की नीलामीः- शैक्षणिक डेरी फार्म, नगला (अपराह्न 2.00 बजे) — 10 मार्च
- मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी व प्रतियोगिता (अपराह्न 3.00 बजे) — 10 मार्च
- कृषक वैज्ञानिक संवाद/कृषक गोष्ठीः- गाँधी हॉल (अपराह्न 3.00 बजे) — 09-11 मार्च
- पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता (गाय एवं भैस):- पशुचिकित्सा महाविद्यालय (पूर्वाह्न 10.00 बजे) — 11 मार्च
- समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोहः- गाँधी हॉल (अपराह्न 3.00 बजे) — 12 मार्च

किसान मेले के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित साहित्य की खरीद पर विशेष छूट दी जायेगी।

कार्यक्रम में 65 वर्ष से ज्यादा आयु के वृद्ध तथा 10 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिका व ऐसे व्यक्ति जिसे कोई अन्य बीमारी हो, सावधानीपूर्वक प्रतिभाग करें।

आप अपने साथियों एवं सम्बन्धियों सहित इस मेले में भाग लेने हेतु सादर आमंत्रित हैं।

भवदीय

(जितेन्द्र क्वात्रा)
निदेशक प्रसार शिक्षा

किसान मेले को स्वच्छ बनाने एवं पॉलीथीन मुक्त रखने में सहयोग करें

'स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता'